


नवभारत
इंदौर, रविवार, 13 जुलाई, 2025
11


## एक नजर में

### जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**मंदसौर।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि आगामी वर्षाकाल एवं बाढ को दृष्टिगत रखते हुए अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह कक्ष सुशासन भवन नवीन कलेक्टोरेट, कार्यालय कक्ष क्रमांक 118 मंदसौर में बनाया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 07422- 235113 है, कार्यालय में यह 24 घण्टे चालु रहेगा। कक्ष के प्रभारी अधीक्षक भू अभिलेख लालचंद शेरपुरिया।

### जिला स्तरीय तिमाही बैठक आयोजित होगी

**मंदसौर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संजय दीक्षित द्वारा बताया गया की कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक जुलाई 2025 के अंतिम सप्ताह या अगस्त 2025 के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी। सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं और आश्रितों से सैनिक सम्मेलन के लिए एजेंडा, पॉइंट, सुझाव, समस्याएँ ( जो कलेक्टर के स्तर पर समाधान होने लायक हो ) को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मंदसौर में 20 जुलाई 2025 तक लिखित में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर, पोस्ट द्वारा या ई-मेल करके पहुंचा सकते है ताकि निराकरण हेतु उन्हे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक की कार्यवाही में सम्मिलित किया जा सके।

### लम्पी वायरस के कारण पशुओ का विशेष ध्यान रखे : गुर्जर

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, स्वास्थ समिति की सभापति दिपमाला रामेश्वर मकवाना ने बताया कि इन दिनो लम्पी वायरस बिमारी का प्रकोप फैला हुआ है, जिसके कारणा गौवंश बीमार हो रहे है । नपा परिषद मंदसौर नगर व जिले के समस्त गौपालको से निवेदन करती है कि वे अपने गौवंश को घर या बाडे में ही रखे उसे अनावश्यक रूप से बाहर नही छोडे। स्थान का निरिक्षण किया - नपाध्यक्षा गुर्जर ने सीमएओ श्रीमती अनिता चकोटिया एवं सभापति श्रीमती मकवाना के साथ मेघदूत नगर स्थित निर्माणाधीन ऑडीटोरियम को देखा तथा बिमार गौवंश जो लम्पी वायरस की बिमारी से पीडित है वहां उनके रखने की व्यवस्था देखी।

### जैन समाज के वरिष्ठ श्रावक सोहनलाल पटवा का निधन

**सीतामऊ।** जैन समाज स्थानक मार्गी के वरिष्ठ सदस्य सोहनलाल पटवा का निधन हो गया है वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पटवा सरल स्वभाव के साथ धार्मिक प्रवृत्ति के एवम् समाज के कार्यों में सक्रियता से भाग लेते थे। आपकी अंतिम यात्रा में समाज के अलावा बड़ी संख्या में अन्य समाज के वरिष्ठ एवं राजनीतिक धार्मिक क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया मुक्तिधाम पर आयोजित शोकसभा में विवेकानंद हाई स्कूल के संचालक अशोक जैन, समाजसेवी महेंद्र जैन, डॉक्टर अरविंद जैन, आयतुल्लाह काजी, शब्बीर हुसैन बोहरा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित रावत, पूर्व न प अध्यक्ष अनिल पांडे, सांसद प्रतिनिधि दीपक राठौड़, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश गिरोठिया, दिलीप राठौड़, उस्मान भाई सोनगिरी, जिला कांग्रेस सदस्य दिनेश सेठिया, सुजानमल जैन आदि ने शोक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पटवा सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते थे। आपकी लोकप्रियता बताते हुए आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की आप पूर्व डिप्टी कलेक्टर अनिल पटवा एवं पूर्व पार्षद समाजसेवी दिलीप पटवा के पिता थे। शोकसभा का संचालक प्रदीप बोहरा ने किया।

### छात्रवृत्ति के आवेदन 20 अगस्त तक आमंत्रित

**मंदसौर।** म.प्र. स्लेट पेन्सिल कर्मकार – कल्याण मण्डल सचिव ने बताया कि म.प्र. स्लेट पेन्सिल कर्मकार कल्याण मण्डल, मंदसौर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष 2025-26 हेतु मंदसौर जिले के स्लेट पेन्सिल उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ति/विधवा सहायता प्राप्त महिलाओं एवं सिलिकोसिस बीमारी से मृत श्रमिकों के नियमित अध्ययनरत (केवल दो बच्चों) को मण्डल से अध्ययन हेतु प्रदाय की जाने वाली छात्रवृत्ति के आवेदन-पत्र मण्डल कार्यालय से कार्यालयीन समय में 1 जुलाई 2025 से 20 अगस्त 2025 तक की अवधि में वितरित किये जावेंगे।

## दयाकृष्ण सेन को सेन समाज रत्न उपाधि व भीष्म पितामह प्रशस्ति पत्र से सम्मानित होने पर समाज में हर्ष

नवभारत न्यूज

**नाहरगढ। सेन समाज के सेवानिवृत्त कर्मचारी हमारे ब्यायजी दयाकृष्ण सेन को सम्मानित होने पर बधाई व शुभकामनाऐ देते हुए हर्ष व्यक्त किया।** मुल्की पंचायत सेन समाज विकास सोसायटी मन्दिर, चेचट को भीष्म पितामह अभिनन्दन व समाज रत्न उपाधि प्रशस्ति-पत्र दयाकृष्ण सेन (दयाराम सेन) पुत्र बापूलालजी सेन निवासी चेचट( कोटा) इनको आज दिनांक 11 जुलाई 2025 के वार्षिक उत्सव 18वी. सप्ताहजी के अवसर पर सम्पूर्ण सेन समाज मुल्की पंचायत सेन समाज विकास सोसायटी मन्दिर चेचट द्वारा सर्व सम्मती से भीष्म पितामह की उपाधी से सम्मानित किया जाता हैं, इन्होने समाज हित में कही महत्व पूर्ण कार्य किये हैं। ये 19 अप्रैल 2019 से 22 मई 2023 तक समाज के अध्यक्ष पद पर रहकर राशि बचत कार्य का शुभारम्भ किया है ये सेन समाज मन्दिर के संविधान निर्माता है। इन्होने सेन समाज के बालक बालिकाओ के लिये छात्रावास व सामुदायिक भवन हेतु भूमि व राशि सरकार से प्राप्ती के लिये राम गोपाल बिजोलिया को साथ लेकर 6 वर्ष पूर्व की कार्यवाही आज फल दायी साबित हो रहीं है सरकार द्वारा भूमि का नि: शुल्क आवटन दिनाक 9 अप्रेल 24 को किया जा चुका है।



> इन्होने दिनाक 9 मार्च 2018 को निराश्रित जन सहयोग समिति का गठन किया है जिसमें गरीब सेन बन्धु युवा अवस्था में अकाल मृत्यु को प्राप्त हो जाता है तो उसकी पत्नी को सस्था द्वारा 10000 अदारे दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी जाती है वो कई विध्वावो को दी जा चुकी है। मन्दिर पर आने वाले केस मुकदमों का उत्तम तरिके से समाधान निकालते है व समाज द्वारा पुछे गये प्रश्नों का उत्तर उत्तम तरिके से देते हैं। ये समाज के धार्मिक सामाजिक आर्थिक व राजनैतिक कार्यों का उत्तम तरिके से समाधान का ज्ञान भी रखाते है। ये समाज द्वारा दी गई जिम्मेदारी का इमानदारी से निर्वहन करते हैं। सम्पूर्ण सेन समाज आपको दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य व सुखद भविष्य की कामना करता हैं।

## पशुपालक डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना का लाभ उठाएं

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप सचांलक द्वारा बताया गया कि सभी वर्ग के किसान पशुपालक डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई की स्थापना बैंक ऋण की सुविधा के साथ शासकीय अनुदान से कर सकते है।** आवेदक की पात्रता हितग्राही मध्यप्रदेश राज्य का निवासी होना चाहिए। योजना सभी वर्ग के पशुपालकों के लिए है। हितग्राही को ऑनलाईन पोर्टल www.mpdah.gov.in के माध्यम से आवेदन करना होगा। हितग्राही के पास न्यूनतम 3.50 एकड कृषि भूमि होना आवश्यक है। योजनांतर्गत 25 दुधारू पशुओं की इर्का स्थापित की जाएगी। एक इकाई में समस्त गौवंश या समस्त भैंसवंश ही होगें। एक इकाई की समस्त गाय/भैंस एक ही प्रजाति की होगी। योजना में भारतीय मूल की देशी गाय की नस्लों में साहिवाल, गिर, थारपारकर, रेड सिंधी, संकर नस्लो में एच.एफ.जर्सी, भैंसो में मुर्रा, भदावरी, सूरती, मेहसाना शामिल की जा सकेंगी। लाभार्थी को किसी शासकीय प्रशिक्षण संस्थान/ महाविद्यालय/शासन द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा।



## नीलकण्ठेशवर महादेव मंदिर पर सावन में अभिषेक व पूजा-पाठ का आयोजन

नवभारत न्यूज

**नाहरगढ। बारिश का मौसम हो फसलो को पानी की जरूरत है सभी को सावन की बुंदाबुंद व रिमझिम बारिश का इंतजार रहता है। सभी को सावन माह की याद आ जाती है ।**

सावन माह मे भक्तगण भोलेनाथ की भक्तिभाव मे लग जाते है। सब इन्द्र देव को प्रसन्न करने के लिए अच्छी बारिश की कामनाऐ करते है और खुशहाल जीवन बिते व सभी संकट दुर रहे। सावन माह की शुरुआत से ही भक्तगण प्रतिदिन भोलेनाथ की पुजा-पाठ व अर्चना के साथ जल चढ़ाते है। भजन-कीर्तन के साथ जागरण के आयोजन सभी मंदिर मे हो रहे है। प्राचीन श्री निलकण्ठेशवर महादेव मंदिर पाडलिया मारू मे अभिषेक का आयोजन हुआ। सावन माह मे

अभिषेक कर घर-परिवार की सुख शांति की कामनाऐ करते है । शिव मंदिर मे बड़ी संख्या मे भक्तगण नगर व अंचल के महिला-पुरुष व बच्चे -युवा उपस्थित होकर दर्शन लाभ रहे है ।

**धर्म-आस्था** | युवा शिक्षा, खेलकूद व अन्य सामाजिक गतिविधियों से जुड़कर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करे

## नशा एक सामाजिक बुराई है इससे सभी को दूर रहना है : पं. तिवारी

नवभारत न्यूज


**मंदसौर। शासकीय माध्यमिक विद्यालय थडौद मे नशामुक्त समाज पर श्री श्री मां शक्ति संस्थान ने छात्रों के बीच कार्यशाला का आयोजन हूआ। संस्था के संस्थापक पंडित गोपाल तिवारी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की अपने क्षेत्र मे गैर कानूनी धंधा करने वालों तथा अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है।** श्री तिवारी ने कहा की नशा एक सामाजिक बुराई है और अपराधों की जड़ है इसलिए इस बुराई को समाज से मिटाने के लिए सभी लोगों को आगे आना होगा, ताकि नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना हो सकें।




इस अवसर पर प्रधान अध्यापिका स्नेहलता पाटीदार ने कहा की लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर पूरी निगाहें रखें और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। श्री श्री मॉ शक्ति संस्थान सचिव राधिका तिवारी ने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व अन्य सामाजिक गतिविधियों से जुड़कर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करे, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करे, अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन करें। ईजीएस शाला मे कार्यक्रम का संचालन रचना गोयल ने किया आभार आशा सोनी ने माना। इस अवसर पर धमेन्द्र सिंह, बद्रीलाल पाटीदार, जयपाल सिंह आदि मौजूद थे।

## झोपड़ी की मिट्टी से निकले 80 से ज्यादा कोबरा के बच्चे

**पिपलियामण्डी। गांव साबाखेड़ा में शुक्रवार शाम एक झोपड़ी की ढीली मिट्टी से 80 से ज्यादा कोबरा सांप के बच्चे निकलने से हड़कंप मच गया। यह झोपड़ी गोपाल पिता चम्पालाल दाहिमा के कुएं के पास बनी है, जहां पशु बांधे जाते हैं।** शाम करीब 5 बजे गोपाल को मिट्टी में हलचल दिखी। ध्यान से देखने पर कोबरा के बच्चे नजर आए। उन्होंने तुरंत सर्पमित्र दुर्गेश पिता घीसालाल पाटीदार को सूचना दी। दुर्गेश पाटीदार मौके पर पहुंचे। तीन घंटे की मेहनत के बाद सभी कोबरा बच्चों को सुरक्षित पकड़ा। बाद में इन्हें शिवना नदी के पास जंगल में छोड़ दिया गया। एक वयस्क नागिन को भी झोपड़ी के पास देखा गया था। अंधेरा हो जाने



से उसे पकड़ा नहीं जा सका। सर्पमित्र ने बताया कि नागिन को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्गेश पाटीदार ने बताया कि वे पिछले 15 साल से जहरीले जीवों को पकड़ने का काम कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में कोबरा बच्चों को पहली बार एक साथ पकड़ा है। यह अनुभव उनके लिए जोखिम भरा और दुर्लभ रहा।



## एक नजर में

### अग्रवाल बिचला गोपालजी मंदिर के अध्यक्ष पवन गर्ग बने

**नीमच।** श्री अग्रवाल बिचला गोपालजी महाराज (रजि.) समिति के सत्र 2025-28 के चुनाव अग्रवाल पंचायत (बारादरी) में अग्रवाल समाज नीमच के तत्वावधान में अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, सचिव अशोक मंगल की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी दिलीप मित्तल के निर्देशन में सम्पन्न हुए, जिसमें संरक्षक शिवनारायण गर्ग एवं अध्यक्ष पवन गर्ग को निर्विरोध मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष द्वारा शीघ्र ही किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और आशा व्यक्त की कि नवीन अध्यक्ष के नेतृत्व में सुचारू रूप से मंदिर के विकास कार्य को गति मिलेगी।



### नगर पालिका का ई-केवाईसी अभियान ज़ोरों पर, शहरवासी पहुंचकर उठा रहे लाभ



**नीमच।** शहर में नगरपालिका द्वारा चलाया जा रहा ई-केवाईसी अभियान ज़ोरों पर है। इस पहल के तहत, शहरवासी अपने आधार कार्ड, समग्र आईडी और मोबाइल नंबर को लिंक करवा कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक लगभग 75 प्रतिशत नागरिकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और शेष 25 प्रतिशत को भी जल्द ही इसमें शामिल किया जाएगा। नागरिकों की सुविधा के लिए नगर पालिका कार्यालय में 10 से 12 जुलाई तक एक विशेष नि:शुल्क ई-केवाईसी शिविर आयोजित किया गया। नगरपालिका के समग्र ई-केवाईसी प्रभारी प्रवीण आर्य ने बताया कि यह प्रक्रिया निशुल्क है, जबकि एमपी ऑनलाइन पर इसके लिए शुल्क लिया जाता है। आर्य ने यह भी बताया कि ई-केवाईसी के बिना जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, बैंक खाता खुलवाना, पासपोर्ट बनवाना और किसी भी सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करना संभव नहीं होगा। साथ ही, ई-केवाईसी न होने पर समग्र से नाम हटाने की कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिए हितग्राही स्वयं ज़िम्मेदार होंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया

**नीमच।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नीमच सुश्री अंकिता पंड्या ने शनिवार को परियोजना नीमच ग्रामीण के 03 आंगनवाड़ी केंद्रों डूंगलावदा, कनावटी क्रमांक 01 एवं कनावटी क्रमांक 02 का आकस्मिक निरीक्षण किया। ग्राम डूंगलावदा की सहायिका अनुपस्थित पाई गई तथा केंद्र पर बच्चे नहीं मिले। कनावटी में समूह द्वारा नाश्ता व भोजन वितरण नहीं किया था जिसके लिए समूह पर कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। कनावटी के दोनों केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई। बच्चों की नियमित उपस्थिति हेतु निर्देशित किया गया है।



## घर में घुसकर महिला की गला रेतकर हत्या

- सीसीटीवी में दो बार दिखा संदिग्ध, पुलिस को नहीं मिले फोर्स एंट्री के निशान





**नीमच। नगर के कैंट थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात बंसल चौराहे के पास आशीर्वाद कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल पर एक घर में 55 वर्षीय महिला का शव मिला है। लीला देवी गोयल की उनके घर में ही चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई।** एसपी अंकित जायसवाल ने बताया कि घटना के वक्त घर पर लीला देवी अकेली थीं, क्योंकि उनके पति गिरधारीलाल गोयल मंदिर गए हुए थे। जब वह घर लौटे तब महिला बेड पर खून से लथपथ पड़ी थी। आसपास के लोगों ने रोने की आवाज सुनकर अन्य परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

जैसे ही घटना की जानकारी मिली, रात करीब 9.30 बजे कैंट थाना प्रभारी पुष्पा चौहान और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। कुछ ही देर में एसपी अंकित जायसवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू की गई।

> **जांच में जुटा पूरा अमला**
> पुलिस ने घटना की गहराई से जांच शुरू कर दी है। एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) की टीम को रतलाम से बुलाया गया, जो देर रात करीब 1 बजे मौके पर पहुंची। इससे पहले फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स ने मौके से निशान इकट्ठा किए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिनमें मुंह ढके एक संदिग्ध व्यक्ति की तस्वीर सामने आई है। उसके हावभाव और मूवमेंट को ट्रैक किया जा रहा है।

### फोर्स एंट्री के नहीं मिले सबूत

एसपी ने बताया कि आरोपी लिफ्ट से तीसरे फ्लोर पर पहुंचा, जहां लीला देवी रहती थी। घर में किसी भी तरह की फोर्स एंट्री (जबरन घुसने) के निशान नहीं मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि या तो आरोपी जान-पहचान वाला था, या महिला ने खुद दरवाजा खोला होगा। पुलिस को सीधे गले पर चाकू से हमला करने की पुष्टि मिली है। घर का सामान बिखरा नहीं था, जिससे लूट की मंशा से हत्या की संभावना कम लग रही है।

### घटना से जुड़ी तीन तस्वीरें जारी

शुक्रवार सुबह 10 बजे महिला के घर के पास ये संदिग्ध दिखा था।

उसी दिन शुक्रवार 8 से 9 बजे के बीच वही युवक फिर से कपड़े बदलकर आया था।

### परिवार की स्थिति और सामाजिक पृष्ठभूमि

लीला देवी के परिवार में उनके पति और एक बेटी है, जिसकी शादी सूरत में की गई है। पति गिरधारीलाल की प्लास्टिक की दुकान है और वे शारीरिक रूप से काफी कमजोर हैं, ज्यादा चल-फिर नहीं सकते।

एसपी अंकित जायसवाल ने कहा कि मामला संदिग्ध है, हर एंगल से जांच हो रही है। हाउस हेल्प और पड़ोसियों से पूछताछ चल रही है। जल्द ही खुलासा होगा। आज सुबह पुलिस ने महिला के शव का पीएम करवाया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया।




## भारतीय खान ब्यूरो द्वारा विक्रम सीमेंट लाइमस्टोन माइन्स को मिला प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग सम्मान

**नीमच। मध्य प्रदेश - अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के विक्रम सीमेंट वर्क्स की विक्रम सीमेंट लाइमस्टोन माइन को भारतीय खान ब्यूरो द्वारा 5-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान खदान की उत्कृष्टता, पर्यावरणीय मानकों के पालन, और उच्च मूल्य सामाजिक कार्यों के आधार पर दिया गया है।** इस साल का समारोह 7 जुलाई, 2025 को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया था जिसमें पूरे भारत से खदानों की भागीदारी रही। इस समारोह में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, एवं कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, हितधारकों और मेहमानों ने भाग लिया।यह सम्मान केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट के सीओओ श्री शैलेन्द्र गुप्ता, विक्रम सीमेंट वर्क्स के यूनिट हेड अवास मिश्रा एवं माइन फंक्शनल हेड भूपेंद्र खोरपिया ने प्राप्त किया।

**स्थापना दिवस** | नीमच जिला प्रशासन द्वारा शासकीय जमीनों के संरक्षण का अभियान

## राजस्व टीम ने दो गांवों में शासकीय जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त

नवभारत न्यूज

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा शासकीय जमीनों के सरंक्षण एवं अवैध अतिक्रमण हटाने के अभियान का लिए अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान के तहत शुक्रवार को मनासा के बरलाई में 10 लाख रूपये मूल्य की 0.05 हेक्टेयर भूमि एवं ग्राम चेनपुरा में 0.11 हेक्टेयर भूमि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है।**



इस संबंध में प्रारंभ जानकारी अनुसार कलेक्टर हिमांशु चंद्रा को जनसुनवाई में अन्नू कुँवर पति गोवर्धन सिंह राजपूत निवासी ग्राम चैनपुरा द्वारा शिकायत की जा रही थी कि गांव के ही मांगू सिंह पिता भारत सिंह राजपूत द्वारा उसकी जमीन के आगे पक्का निर्माण किया जा रहा है और उसका आने. जाने का रास्ता रोक दिया है।

तहसीलदार नीमच ग्रामीण संतोष कुमार ने बताया कि जांच में पाया गया कि अन्नू कुँवर का रास्ता मुख्य मार्ग से होकर है और चालू है। दोनों पक्ष शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे। न्यायालय तहसीलदार नीमच ग्रामीण में प्रकरण दर्ज करके उभयपक्षों की सुनवाई की गई और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने पर दोनों पक्षों के विरुद्ध बेदखली आदेश जारी कर स्वयं से अतिक्रमण हटाने हेतु समय दिया गया ।परंतु अतिक्रमणकारियों ने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया। इस पर एसडीएम संजीव साहू के मार्गदर्शन तहसीलदार नीमच ग्रामीण संतोष कुमार ने शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम के साथ ही ग्राम पंचायत के सहयोग से मौके से अतिक्रमण हटाकर ग्राम के बीच स्थित 0.11 हेक्टेयर बहुमूल्य शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया ।



## पर्यावरण मित्रों ने आरोग्य संकल्प पर्यावरण वाटिका में चलाया स्वच्छता अभियान

**नीमच।** शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था एवं आरोग्य भारती सेवा समिति नीमच द्वारा शनिवार दिनांक 12 जुलाई को प्रात: 8 से 11 बजे तक रोडवेज बस स्टैंड मुक्ती धाम नीमच सिटी मार्ग स्थित आरोग्य संकल्प पर्यावरण वाटिका में स्वच्छता अभियान चलाया, अभियान के तहत परिसर से प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां पन्नी गंदा कचरा आदि एकत्रित कर ढेर लगाए इसके पश्चात परिसर में उगी हुई बेशुमार गाजर घास खरपतवार को नष्ट करने हेतु गाजर घास नाशक दवाई का छिड़काव किया गया, इस अवसर पर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था के संरक्षक इंजिंनियर नवीन कुमार अग्रवाल, आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष अजय भटनागर ने बताया कि शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त बनाने हेतु दोनों संस्था संकल्पित है, बहुत जल्द इस परिसर में नक्षत्र वाटिका विकसित की जाएगी।